# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

**विश्वविद्यालय–परिसर में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत योग प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2025–2026 (तिथि–वृद्धि)**

शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के योग आचार्य (एम0ए0) योग शास्त्री (बी0ए0) योग तथा पी0जी0 डिप्लोमा इन योग (योग स्नातकोत्तर डिप्लोमा) के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित योग में प्रवेश हेतु तिथि वृद्धि की जाती है। ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, प्रवेशावेदनपत्र विश्वविद्यालय की आनलाईन वेबसाइट www.ssvvonline.in के **"प्रवेश सत्र 2025–2026"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेशावेंदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निंदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें।

**पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि 10.10.2025 तक वृद्धि की जाती है।**

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथियों तक प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर ले। योग आचार्य (एम0ए0) योग शास्त्री (बी0ए0) योग तथा पी0जी0 डिप्लोमा इन योग (योग स्नातकोत्तर डिप्लोमा) के छात्रों को अपना प्रवेशावेदनपत्र डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख लें। जिन्हें यथास्थान अपेक्षित अभिभावक/संरक्षक इत्यादि का हस्ताक्षर कराकर काउन्सिलिंग के समय उपस्थित होना अनिवार्य है। काउन्सिलिंग की तिथि पृथक ज्ञाप द्वारा घोषित की जायेगी। प्रवेश–समिति के निर्णयानुसार रू0 6000/– (छः हजार रूपये) प्रति सेमेस्टर शुल्क निर्धारित है। तथा शैक्षिक अर्हता निम्नवत होगी।

1. योगा–शास्त्री (बी0ए0) में प्रवेश हेतु उत्तर मध्यमा अथवा इण्टरमीडिएट/ समकक्ष सभी वर्ग से उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।
2. योगा–आचार्य (एम0ए0) में प्रवेश हेतु शास्त्री अथवा विधि मान्य विश्वविद्यालय से स्नातक/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण छात्र प्रवेश पा सकेगें।
3. पी0जी0 डिप्लोमा इन योग (योग स्नातकोत्तर डिप्लोमा) में प्रवेश शास्त्री अथवा विधि मान्य विश्वविद्यालय से स्नातक/समकक्ष उत्तीर्ण छात्र प्रवेश पा सकेगें।

**नोट – प्रवेशित छात्रों को एण्टी रैंगिग शपथ–पत्र भरना अनिवार्य है।**

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

**छा0क0सं0सा0 –1403 /2025 दिनांक – 19.09.2025**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
5– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
6– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
7– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) एवं महाविद्यालयों/ प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं का निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
9– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
10– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी